# प्रेस नोट
# जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक 06.08.2025

❖ **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 06.08.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री विशाल राठी मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 126/24 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डी0पी0 एक्ट में बांछित अभियुक्त 1- मोहित पुत्र कुलभूषण 2- श्रीमति कुसुम पत्नी कुलभूषण निवासीगण ग्राम दूधली थाना चरथावल मु0नगर को ग्राम पचायरा थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटि गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया।

❖ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शराब सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 06.08.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री सन्दीप कुमार मय हमराहिगण द्वारा 01 अभियुक्त अहसान पुत्र शफीउल्ला निवासी कशयपपुरी मोहल्ला गढीपुख्ता थाना गढीपुख्ता जनपद शामली को ग्राम पिन्ना से पहले रजवाहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 20 टैट्रा पैकेट अवेध देशी शराब ओरेन्जी मार्का बरामद किये गये। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 269/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

❖ **थाना खतौली पुलिस द्वारा 20 घण्टे के अन्दर अभियोग का सफल अनावरण, 01 अभियुक्त गिरफ्तार, लगभग 50 लाख रुपये की फार्चयूनर गाडी व कुल 13 लाख 63 हजार रुपये नगद किये बरामद -**

दिनांक 06.08.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री अमित चौधरी मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0सं0 301/2025 धारा 316(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त प्रेम उर्फ परमेश्वर यादव पुत्र उपेन्द्र यादव निवासी ग्राम ब्रहमपुर तोले किसनिपटी थाना फुलसपरास जिला मधुबनी बिहार हाल निवासी म0न0 211 कडकडडूमा थाना आन्नद विहार दिल्ली को 20 घण्टे के अन्दर सफेदा रोड अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 01 फार्चयूनर गाडी व 13 लाख 63 हजार रुपये नगद बरामद किये गये।